राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और श्री रमेश बैस ने मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचकर की बालाजी की पूजा–अर्चना

जयपुर, 22 अप्रैल। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस के साथ सोमवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचकर वहां पूजा–अर्चना की। उन्होंने वहां सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस दौरान कहा कि मेहंदीपुर बालाजी पावन तीर्थ स्थल है। हनुमान जी का यह पवित्र धाम आस्था और विश्वास से जुड़ा है। उन्होंने हनुमान जी का अभिषेक किया और सबके मंगल की कामना की।

––––––